# राष्ट्रीय लोक अदालत में 11883 मुकदमों का हुआ निपटान

## कोर्ट में 6 बेंच स्थापित की गई, मुआवजे में 6 करोड़ 5 लाख 75 हजार रुपये की राशि देने का काम किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी की देखरेख में हुआ। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय लोक अदालत में 6 बैंच स्थापित की गई। जिन्हों ने 11883 मुकदमों का निपटान किया और मुआवजे के रूप में 6 करोड़ 5 लाख 75 हजार 577 रुपये की राशि देने का काम किया गया।

**खास बातें**

- लोक अदालतें शीघ्र तथा सरल न्याय का सबसे अच्छा माध्यम
- केसों में शामिल दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती सहमति से मामलों का निपटान किया जाता है

**केसों की सुनवाई**



यमुनानगर। न्यायिक परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की बेंच पर मामलों का निपटारा करते हुए न्यायाधीश। फोटोः हरिभूमि

**लोक अदालते शीघ्र न्याय का माध्यम**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि लोक अदालतें शीघ्र तथा सरल न्याय का सबसे अच्छा माध्यम हैं। इनमें न केवल केसों में शामिल दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती है। बल्कि आपसी सहमति से मामलों का निपटान होने से संबन्धों में मधुरता आती है। उन्होंने लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला सेवा प्राधिकरणए यमुना नगर के हेल्पलाइन नंबरपर संपर्क कर सकते हैं।

### आपसी सहमति से मामलों का निपटारा

इस दौरान मुख्य न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) जगजीत सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दानिश गुप्ता, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सुमित्रा कादियान, सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रियांक गोयल, सिविल जज (जूनियर डिविजन) सुश्री गौरी नारंग व सिविल जज (जूनियर डिविजन) सब डिवीजनए बिलासपुर गुलशन वर्मा ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया।

# चोरों ने चुराए 34 हजार रुपए तथा मोबाइल

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 34 हजार रुपए और मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ मार्च को वह परिवार के साथ रात का खाना खाकर अपने कमरे में सो गया था। सुबह जब वह उठे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 34 हजार रुपए और मोबाइल गायब मिला। उसने आसपास चोरों का पता करने का प्रयास किया मगर कुछ भी पता नहीं चला। बाद में उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**

### युवक ने लिफ्ट देने के बहाने युवती से की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** थाना बूड़िया क्षेत्र की रहने वाली युवती के साथ बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी उसे बीच सड़क पर ही छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना बूड़िया में तैनात जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल ने बताया कि पीड़िता एक फैक्ट्री में काम करती है। रोज सुबह फैक्ट्री में जाना और शाम को लौटती थी। शनिवार शाम को फैक्ट्री से लौटते हुए देर हो गई तो उसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट नहीं मिला और रास्ते में ही उसने एक युवक से बाइक पर लिफ्ट ले ली। आरोप है कि जब वह गांव शहजादपुर के निकट पहुंची तो बाइक चला हरे युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने शोर मचा दिया, जिस पर बाइक चालक मौके से फरार हो गया। युवती ने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

## निगम प्रशासन ने संपत्ति कर के बकायेदारों को दी चेतावनी

# आचार संहिता खत्म होते ही संपत्ति कर के बकायेदारों की संपत्तियां होंगी सील

- 12 मार्च को निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद ही खत्म हो जाएगी आचार संहिता
- पांच लाख व एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम चुनाव की मतगणना के परिणाम आने के बाद ही आदर्श आचार संहिता खत्म हो जाएगी। आचार संहिता लगने से पहले नगर निगम यमुनानगर द्वारा लगभग 20 बकाएदारों की संपत्ति सील की थी। नगर निगम प्रशासन द्वारा एक बार फिर से संपत्ति कर के बकाएदारों की प्रॉपर्टी सील करने की तैयारी कर ली है। आचार संहिता खत्म होते ही निगम द्वारा बकाएदारों की संपत्ति सील की जाएगी। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बकाएदारों से अपना बकाया संपत्ति कर जमा करवाए जाने और संपत्ति सील होने से बचाए जाने के लिए आहवान किया है।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में संपत्ति कर के बकाएदारों की संपत्ति सील करने के बारे में जानकारी देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा। फोटो: हरिभूमि

### करोड़ों की संपत्ति कर बकाया

निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर में काफी संख्या में बकाएदार करोड़ों रुपये का संपत्ति कर दबाए बैठे हुए हैं। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर कुछ माह पहले पांच लाख व एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत अंतिम नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस जारी करने के बाद जनवरी व फरवरी माह में निगम द्वारा लगभग 20 से अधिक बकाएदारों की संपत्तियां सील की थी। इस दौरान कुछ संपत्ति धारकों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया। दो माह में निगम में लगभग चार करोड़ रुपये संपत्ति कर जमा हुआ। लेकिन अभी भी काफी बकाएदार ऐसे हैं जो प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। इनमें नामी औद्योगिक इकाइयों से लेकर संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान सहित रिहायशी मकान शामिल हैं। इन पर संपत्ति कर की एक से दस लाख या अधिक राशि बकाया है। निगम ने इनकी सूची तैयार करने के साथ इन्हें सील करने की तैयारी शुरू कर दी है। सीलिंग कार्रवाई के लिए नगर निगम एरिया को दो जोन में बांट कर टीमों का गठन किया गया है।

**सीलिंग से बचने को जमा करवाएं संपत्ति कर**

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि नगर निगम ने कुछ दिनों पहले एक लाख व पांच लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों को नोटिस जारी किए थे। जिन बकायेदारों ने टैक्स जमा नहीं कराया या नोटिस का जवाब नहीं दिया उनकी प्रॉपर्टी सील की गई। अभी काफी बकाएदार ऐसे हैं। जिनके पास एक लाख से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। संपत्ति धारकों से अपील है कि वे अपना संपत्ति कर जमा कराएं। बकायादार नोटिस को गंभीरता से लेकर समय पर बकाया टैक्स जमा कराएं। अन्यथा उनकी संपत्ति सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

**आर्य समाज मंदिर में चल रहा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव संपन्न**

# स्वामी दयानंद के दिखाए मार्ग पर चलकर देश की तरक्की में दें योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

आर्य समाज मंदिर रादौर में आर्य समाज के स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर में चल रहा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन हो गया। उत्सव के समापन पर भजनोपदेशकों अपने भजनों के माध्यम से आर्य समाज के आदर्शों व महत्व का गुणगान किया। समापन अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मान सिंह आर्य ने की। इस अवसर पर पांच कुंडीय यज्ञ भी किया गया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में युवा क्रांतिकारी प्रख्यात राष्ट्रीय चिंतक आर्यवीर गौतम खट्टर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं, वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता मदनदीप आर्य सहारनपुर द्वारा भारतीय वीरों के गौरवशाली इतिहास एवं वैदिक श्री राम कथा का गायन किया गया ।





यमुनानगर। आर्य समाज मंदिर रादौर में आयोजित वार्षिक उत्सव में हवन यज्ञ करते स्थानीय लोग व प्रवचन करते हुए आर्य विद्वान।

### ज्यादातर क्रांतिकारी आर्य समाज से प्रेरणा लेकर आजादी की जंग में कूदे थे

मुख्यातिथि आर्यवीर गौतम खट्टर ने कहा कि आज से लगभग 150 वर्ष पहले स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना उस दौर में की थी जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। देश को आजाद करवाने में ज्यादातर क्रांतिकारी आर्य समाज से प्रेरणा लेकर ही आजादी की जंग में कूद पड़े थे। इस अवसर पर संरक्षक मान सिंह आर्य, प्रधान किरणपाल आर्य, पूर्व प्रधान रमेशचंद आर्य, प्रचार मंत्री अमित काम्बोज, मंत्री प्रदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष साहिल आर्य, राजीव आर्य सन्नी, संस्कार प्रमुख डॉक्टर निर्मल विश्वास, महिला प्रमुख सरला आर्य, सुरभि गुप्ता, अरविंद आर्य, सुशील बत्रा, धर्म सिंह पिंकी, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, नीरज गर्ग आदि मौजूद रहे।

**आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस**

# काम मांगने आए युवक ने अकाउंट में ट्रांसफर किए 55 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्लाइवुड ठेकेदार से काम मांगने आया युवक 55 हजार रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर गायब हो गया। आरोपी ने फोन पर बात करने के बहाने ठेकेदार का मोबाइल लिया और रुपये ट्रांसफर करने के बाद मोबाइल से फोन-पे भी डिलीट कर दिया। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। बिहार के जिला रोहताश निवासी संजय पांडे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले कुछ सालों से यमुनानगर आकर खजुरी रोड किनारे एक कॉलोनी में रहता है। यहीं पर प्लाईवुड फैक्ट्री में ठेकेदारी भी करता है। 21 फरवरी को उसके पास दीवान नाम का एक युवक काम मांगने आया था। उसी दिन वह कुंभ स्नान के लिए जा रहा था तो उसने दीवान को एक कमरे में ठहरा दिया और कहा कि कुंभ से आकर तुम्हारे काम व रहने की व्यवस्था कर दूंगा। 25 फरवरी को कुंभ से आने के बाद उसने दीवान को बुलाया और काम की बात की। इसी दौरान उसके मोबाइल का बैलेंस खत्म हो गया तो दीवान ने अपने मोबाइल से ही उसका रिचार्ज कर दिया। संजय पांडे ने बताया कि, रिचार्ज के बाद दीवान ने कहा कि एक बार चेक कर लो रिचार्ज हुआ या नहीं, जब वह चेक करने लगा तो दीवान ने उसका पासवर्ड देख लिया। अगले दिन जब वह कमरे पर था तो आरोपी उसके पास किसी बहाने से आया और एक कॉल करने के लिए उसका मोबाइल मांगा। बात खत्म होने के बाद मोबाइल देकर चला गया। इसके अगले दिन उसे किसी इब्राहिम नाम के युवक ने कॉल कर कहा कि पांच हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए हैं।

**मून स्टार प्री स्कूल रादौर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव**

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

### कोऑर्डिनेटर रितु ने सभी अतिथियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मून स्टार प्री स्कूल रादौर के तत्वावधान में स्कूल का छठा वार्षिकोत्सव कस्बा के सफल पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इनर व्हील क्लब रादौर की प्रधान नीलम बंचल, रोटरी क्लब रादौर से पूजा माटिया, लीला चौपड़ा व भारत विकास परिषद रादौर की प्रमुख अनीता पुजारा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्कूल की प्रिंसिपल रसमीन कौर व कोऑर्डिनेटर रितु ने सभी आए हुए अतिथियों व अभिभावकों स्वागत किया। प्रबंधक समिति के सदस्य शमशाद अली द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों को शील्ड व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अभिभावकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। जिसमें अभिभावकों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की ओर से नीतू, निशा, शीला, सोनिया, अनु, शिवानी, सुमन, आशा, अमृता, मीनू, गीता, सचिन व कृष्ण आदि का योगदान रहा।



यमुनानगर। मून स्टार प्री स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा पत्र**

# चुनाव में वोट नहीं डालने वाले संपन्न मतदाताओं के विदेश जाने पर लगे रोक

- मतदाता अपने मत का प्रयोग करता है उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

लोकतंत्र के महापर्वों में दिन प्रतिदिन घटते वोट प्रतिशत को लेकर चुनाव आयोग को सख्त रवैया अख्तियार करते हुए वोट न डालने वाले मतदाता के खिलाफ पेनल्टी का प्रावधान करना चाहिए। इसके अलावा जो मतदाता अपने मत का प्रयोग करता है उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह मांग मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजें पत्र में ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) यमुनानगर ने की हैं। एसोसिएशन के प्रधान दविन्द्र मेहता ने कहा कि देशभर में चुनावों पर अरबो रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन वोट प्रतिशत दिन प्रतिदिन कम होना बहुत चिंतनीय है। इस पर गंभीरता से विचार विमर्श करने की अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनावों पर खर्च होने वाला पैसा भी आम जनता का ही है और जनता ही इस पैसे की बेकद्री वोट ना डालकर कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट प्रतिशत का कम होना विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में लोकसभाए विस और निकाय चुनाव होते हैं और इन तीनों प्रकार के चुनाव में वोट प्रतिशत कम हो रहा है। मेहता ने कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता की जिम्मेदारी तय करनी होगी।



यमुनानगर। ग्रीन पार्क एसोसिएशन के सदस्य मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे गए पत्र को दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज में एनएनएस शिविर**

# स्वयंसेवकों ने एनएसएस शिविर में योग कर दिया स्वच्छता का संदेश



यमुनानगर। गांव चमरौड़ी में आयोजित एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को समजाते हुए मुख्य वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौरी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में रविवार को स्वयंसेवकों ने योगा व प्राणायाम कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। वहीं, स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर व रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. रिचा सीकरी ने भाग लिया। एनएसएस शिविर में सुबह के वक्त स्वयंसेवकों ने योगा व प्राणायाम कर दिन की शुरुआत की। इसके बाद स्वयंसेवकों ने शिविर के आसपास के क्षेत्र व चमरौड़ी में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने आसपास साफ सफाई रखने, जल संरक्षण करने व अधिक से अधिक पेड़ लगाने समेत समाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। इसके बाद व्याख्यान में मुख्य वक्ता एवं इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रिचा सीकरी ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में समझाया। मौके पर उन्होंने स्वयंसेवकों को नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला की कहानी द्वारा मोटिवेट किया । उन्होंने कहा कि मलाला की तरह हमें भी अपने जीवन में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शिविर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर रिंकू शर्मा व प्रो. रिंकू शर्मा ने कहा कि हमें आज की परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाते हुए स्वयं को सशक्त बनाना चाहिए।

**धर्म कर्म** | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित किया धार्मिक संत संकीर्तन

# मन के दृढ़ विश्वास की शक्ति असंभव को बना देती है संभव: साध्वी भारती

### साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी सुयशा भारती ने साध संगत को मन में दृढ़ विश्वास की शक्ति के महत्व से अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी सुयशा भारती ने फरमाया कि मन का दृढ़ विश्वास वह शक्ति है जो असंभव को भी संभव कर देती है। लेकिन यह शक्ति तभी हमारे जीवन का उत्थान कर सकती है जब इसे कोई सकारात्मक आधार प्रदान किया जाए। अन्यथा नकारात्मक आधार मिलने पर तो यह मनुष्य के पतन का कारण भी बन सकती है। सत्य का साक्षात्कार एवं व्यावहारिक अनुभव ही दृढ़ विश्वास का आधार है। जो हमारे जीवन को पूर्ण रूप से परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त है। कोई नेत्रहीन व्यक्ति बिना देखे ही किसी के बताने से सूर्य के अस्तित्व पर विश्वास तो कर सकता है। लेकिन दृढ़ विश्वास तभी कर पाएगा जब वह सूर्य का साक्षात अनुभव कर लेता है। अन्यथा उसका अनुभव विहीन विश्वास कभी भी खंडित होकर सूर्य के अस्तित्व पर प्रश्न उठा सकता है। साध्वी सुयशा भारती ने फरमाया कि परमात्मा के अस्तित्व पर विश्वास करना भी तभी सार्थक हो सकता है। जब हमें परमात्म सत्ता का साक्षात अनुभव हो। यह केवल तभी संभव हो सकता है जब हम एक सच्चे जिज्ञासु बन कर ब्रह्मनिष्ठ गुरु की शरण में जाएं। उनसे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके निरंतर ध्यान साधना की गहराइयों में परमात्मा के प्रकाश स्वरूप के दर्शन अपने अंतर्घट में करें। आत्म साक्षात्कार ही परमात्मा पर दृढ़ विश्वास का प्रथम सोपान है। जब एक भक्त ऐसे दृढ़ विश्वास को लेकर संसार में विचरण करता है। तो उसके जीवन में आने वाली विषम परिस्थितियाँ भी उसके विश्वास को डिगा नहीं सकती हैं। वह भक्त ध्रूव, प्रहलाद की भांति प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ विश्वास रूपी छाते को पकड़ कर रखता है। क्योंकि वह जानता है कि वह सदैव उसके सुरक्षा कवच तले सुरक्षित है। जो सृष्टि का नियंता उसके भीतर प्राण बनकर निरंतर उसकी श्वासों को चला रहा है। वह परमात्मा के वास्तविक स्वरूप से जुड़ जाता है। तब कोई भी व्यक्ति, वस्तु या स्थान उसकी भक्ति और साधना में बाधक नहीं बन सकता। चाहे उसके मार्ग में कितनी भी प्रतिकूल परिस्थितियां क्यों ना आ जाएं।





यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी सुयशा भारती व श्रवण करती साध संगत। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### लावारिस मिला पर्स लौटा कर दिखाई ईमानदारी

**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा से जुड़े एक सेवादार ने हजारों रुपए की नकदी भरा लावारिस पर्स असल मालिक को लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सेवादार के इस कार्य की चहुंओर सराहना हो रही है। डेरा प्रेमी सुखविंद्र सिंह इन्सां ने बताया कि सेवादार अमी लाल इन्सां निवासी गांव धन्यौड़ी, ब्लॉक मोहड़ा, जिला अंबाला गत दिवस शाहाबाद से गांव की तरफ जा रहा था कि मारकंडा पुल के पास उसे सड़क पर गिरा एक पर्स मिला, जिसमें लगभग 20 हजार इंडियन और फॉरेन करंसी थी।

### हॉकी में खिलाड़ियों ने पाया तीसरा स्थान



**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय सिविल सेवाएं हॉकी में हरियाणा पुरुष टीम ने ओडिशा ओर महिला टीम ने मेजबान आन्ध्र प्रदेश की टीम को हरा कर पुरुष ओर महिला टीमें ने तीसरा स्थान हासिल किया है। अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश काकीनाडा में 15 से 28 फरवरी को आयोजत की गई थी। इसमें कुरुक्षेत्र के 5 खिलाड़ी प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, दीपक सैनी पुरुष टीम मैं ओर अनु, स्वाति महिला टीम ने हरियाणा प्रदेश की टीम में शामिल होकर प्रतियोगिता में भाग लिया था। सभी खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण हॉकी कोच शिव कुमार सैनी के अंतर्गत बहुत सालों से प्रशिक्षण लिया है।

### ब्रह्माकुमारीज में महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मूल्य निष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषयक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जिला सेशन जज डॉ नीलिमा सांगला मुख्य अतिथि रही, जबकि जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर अनीता दुआ, समाज सेविका निशी गुप्ता विशिष्ट अतिथि रही। केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने अध्यक्षता की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.के प्रियंका बहन और सिमरन ने पटका पहना कर और पौधा भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। अपने संबोधन में डॉ नीलिमा सांगला ने मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि यहां आकर अशांति और तनाव कोसों दूर भागता है।

## सीएम ने उपायुक्त व पीओ बलजीत कौर को किया सम्मानित

# बच्चों के पोषण में सुधार लाने में कुरुक्षेत्र का दूसरा स्थान

- इनाम में मिला 1 लाख खर्च होगा बच्चों के पालन पोषण पर
- तीन सर्वश्रेष्ठ जिलों को पोषण पुरस्कार से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से 6 वर्ष से कम बच्चों के पालन पोषण में सुधार लाने में सराहनीय कार्य किया है। इस उपलब्धि के चलते कुरुक्षेत्र को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रशंसा पत्र व एक लाख रुपए की राशि का चैक देकर सम्मानित किया है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर व उनकी टीम को सरकार व प्रशासन की तरफ बधाई व शुभकामनाएं दी है। अहम पहलु यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस पंचकुला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति में अधिकतम सुधार लाने के लिए तीन सर्वश्रेष्ठ जिलों को पोषण पुरस्कार से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह को प्रदेश में द्वितीय स्थान पर आने पर एक लाख रुपए व प्रंशसा प्रत्र देकर सम्मानित किया है। इस सम्मान समारोह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर भी उपस्थित थी। इतना ही नहीं पी ओ बलजीत कौर ने यमुनानगर में 3 साल 6 माह में कार्य कर लिगांनुपात में सुधार लाने में अच्छा कार्य किया है। जिसके चलते यमुनानगर को लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए प्रथम स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने उपायुक्त नेहा सिंह का सहयोग करने पर आभार व्यक्त करते हुए स्टाफ के सभी अधिकारियों व कर्मियों को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।




कुरुक्षेत्र। पुरस्कार प्राप्त करती उपायुक्त नेहा सिंह।

### 67,640 बच्चे शामिल

उपायुक्त ने कहा कि 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग में कुरुक्षेत्र के बाबैन में 4871, लाडवा में 8435, पिहोवा में 13435, शाहबाद में 15115, थानेसर ग्रामीण में 18229 व थानेसर शहरी में 6955 बच्चों सहित कुल 67640 बच्चे है। इन सभी बच्चों की सरकार की निमयानुसार तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, खाने तथा अन्य गतिविधियों पर विशेष फोकस रखकर काम किया जा रहा है। इन बच्चों का बेहतर तरीके से पालन पोषण किया जा रहा है। इन तमाम पहलुओं को जहन में रखकर ही कुरुक्षेत्र को 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का पालन पोषण करने पर दूसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किया है।

# विश्व को सुदंर और सुदृढ़ रूप देने में महिलाओं का अहम योगदानः सुमन

- उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने बंसी वाला वृद्धाश्रम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि दुनियाँ को सुंदर, सशक्त और सुद्रढ़ रूप में देखते है तो उसमें महिलाओं का ही योगदान है। यदि हमें विकसित भारत बनाना है, तो इसके निर्माण में महिलाओं की बराबर की भागीदारी तेजी से सुनिश्चित करना जरूरी है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम भी लैंगिक समानता के लिए कार्य में तेजी लाना है। इसके लिए लिंगानुपात में बराबरी लाने के लिए प्रयासों को और तेज करना होगा। इतना ही नहीं लैंगिक समानता को एक नारा नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप देना होगा ताकि हर बेटी और हर महिला को उसकी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिले। उपाध्यक्षा सुमन सैनी बंसी वाला वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने दीपशिखा प्रज्वलित करके विधिवत रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा के कुछ प्रसिद्ध खिलाड़ियों व समाजसेवी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को सम्मानित किया।

### मांसपेशियों में खिंचाव भारी वजन उठाने से संभव : डॉ हिमांशु जैन




**कुरुक्षेत्र।** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि मांसपेशियों में खिंचाव भारी वजन उठाने या अधिक शारीरिक श्रम करने, अचानक दौड़ने, मुड़ने या झुकने, लंबे समय तक एक ही मुद्रा में रहने, शरीर को पर्याप्त स्ट्रेचिंग और वार्मअप न देने, पानी की कमी और पोषण की कमी से होता है। डॉ हिमांशु जैन रविवार को बी.आर. अम्बेडकर भवन गांव रामगढ़ में आयोजित फ्री मेडिकल कैंप में मरीजों को जागरूक कर रहे थे। डॉ जैन ने बताया कि मांसपेशियों में खिंचाव से रोगी को कुछ लक्षण देखने को मिलेंगे -जैसे प्रभावित क्षेत्र में दर्द और सूजन, हिलने-डुलने में कठिनाई, मांसपेशियों में कमजोरी और अकड़न, हल्का या तेज दर्द, जो बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि इससे बचने के लिए सही तरीके से वार्मअप करें, व्यायाम या भारी कार्य से पहले शरीर को तैयार करें, संतुलित आहार लें प्रोटीन, मिनरल्स और पर्याप्त पानी का सेवन करें। सही मुद्रा बनाए रखेंझ्र बैठने, खड़े होने और सोने की सही स्थिति अपनाएं। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1986वें निशुल्क कैंप में 137 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई।

# समग्र विकास से जुड़ी जानकारियां दी

## लिटिल मिलेनियम स्कूल ने पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लिटिल मिलेनियम स्कूल द्वारा पर्ल मार्क में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ लिटिल मिलेनियम टीम और मुख्य अतिथि दुष्यंत बख्शी एवं राजेंद्र सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा मंगल प्रार्थना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा मैम ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे आयोजन को रोचक बनाए रखा। इस अवसर पर लिटिल मिलेनियम की शैक्षणिक प्रमुख रेनू पुनिया और अमृता ने अभिभावकों के लिए एक विशेष सेमिनार प्रस्तुत किया। उन्होंने लिटिल मिलेनियम स्कूल की शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि इस



पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने स्कूल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लिटिल मिलेनियम में अनुभवी शिक्षक बच्चों की रुचि और क्षमताओं के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। साथ ही बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाता है।

### डॉ विनीता आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयनित

**कुरुक्षेत्र।** डॉ विनीता गांधी कुरुक्षेत्र से हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा विज्ञापित आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयनित हुई हैं। वे वर्तमान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर दबखेडी में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।गौरतलब है कि कमीशन द्वारा जुलाई माह में 805 आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट में मूल्यांकन के बाद सभी को साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजारकर अंतिम परिणाम जारी किया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार प्रकट करते हुए बताया कि सरकार द्वारा बिना पर्ची बिना खर्ची के पूरी पारदर्शिता एवँ निष्पक्षता से सभी भर्तियां की जा रही है।

# जरूरतमंद की सेवा के लिए हमेशा आगे रहते सांसद जिंदलः कंवलजीत

## एलएनजेपी हॉस्पिटल में मरीजों को फल किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। लोगों के अंदर सेवा भाव और विश्वास की अलग जगाने में सांसद नवीन जिंदल का भरपूर योगदान रहा। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर एलएनजेपी अस्पताल में सांसद नवीन जिंदल के 55 वें जन्मदिन के अवसर पर फल वितरण करने पहुंची थी। उन्होंने मरीजों में फल वितरित करते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसद नवीन जिंदल लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में तीन मेडिकल वैन चलाई हुई हैं। जिनमें एमबीबीएस चिकित्सक सहित सहयोगी स्टाफ और लैब टेस्ट की सुविधा भी दी गई है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि इलाज के अभाव में कोई व्यक्ति बीमार नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने निशुल्क दवाइयां व चेकअप की सेवा यहां चलाई हुई है।



कुरुक्षेत्र। मरीजों को फल वितरित करती जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

# कलियुग को रहने के लिए राजा परीक्षित ने दिए पांच स्थान : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आर.डब्लू.ए जिंदल ग्लोबल सिटी एवं श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-29 जिंदल सिटी के क्लब में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर संस्था अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि एक दिन की बात है, राजा परीक्षित शिकार के लिए जंगल गए। वहां उन्होंने देखा कि एक बैल और एक गाय आपस में कुछ बातें कर रहे हैं। भागवत पुराण में बताया गया है कि धर्म के देवता बैल रूप में और पृथ्वी देवी गाय के रूप में वहां मौजूद थी। तभी राजा परीक्षित ने देखा कि एक मुकुट पहना व्यक्ति धर्म रूपी बैल को डंडे से पीट रहा है। और गाय को लात मार रहा है। कथावाचक अनिल



शास्त्री ने बताया कि गाय और बैल को इस तरह पीटता देख राजा परीक्षित क्रोधित हो उठे और पास आकर बोले, पापी! तुम इन दोनों को क्यों मार रहे हो, रे पापी तू कौन है। मेरे राज्य में तुम्हे ऐसा करने का साहस कैसे हुआ? मैं इसकी सजा तुम्हें अवश्य दूंगा। इतना कहकर राजा परीक्षित ने तलवार निकाल ली और कहा आज तेरी मौत निश्चित है। अब तू मुझसे से नहीं बच सकता। राजा परीक्षित के हाथों में तलवार को देख वह व्यक्ति डर से कांपने लगा। फिर बोला महाराज मैं कलियुग हूं और यहां वास करने आया हूं।

# कविताओं के माध्यम से महिलाओं के संघर्ष की भावनाओं को किया प्रस्तुत

- उदयन शालिनी फैलोशिप ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उदयन शालिनी फैलोशिप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला रोल मॉडल्स का सम्मान थीम पर भव्य कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा और डॉ. रामनिवास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान को पहचान देकर समाज के लिए अनुकरणीय बनाना था। इस दौरान नगर परिषद थानेसर की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, जिला



टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनीषा, पूजा छाबड़ा प्रधानाचार्य सुगनी देवी आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा, डॉ. माधविका मदान दंत चिकित्सक, पॉली क्लिनिक, डॉ. सोनिया सतीजा किशोरावस्था काउंसलर, डॉ. ममता शर्मा प्रधानाचार्या गुरु नानक प्राईमरी स्कूल, सुमन गौतम वरिष्ठ शिक्षिका, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल छोटा बाजार, लक्ष्मी अरोड़ा, समीना चिब समाज सेविका, दीपक चिब कोर कमेटी सदस्य और नीलम हेड कांस्टेबल जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन ज्योतिका व तिशा ने किया।

# कार्ड धारक 31 मार्च से पहले अपडेट करवाएं ईकेवाईसी : चरणजीत

- 31 मार्च के बाद कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी चरणजीत भारद्ववाज ने कहा कि राशन कार्ड धारक 31 मार्च से पहले अपने परिवार के सदस्यों की डिपो मशीन में ई.के.वाई.सी. अपडेट करवाना सुनिश्चित करें । समय पर ई.के.वाई.सी.न करवाने वाले कार्ड धारकों का नाम 31 मार्च के बाद कार्ड से निष्क्रिय हो जाएगा। पिपली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से अनेकों बार सूचित किया जा चुका है, लेकिन कार्ड धारक बार बार ई.के.वाई.सी.को अनदेखा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिपो मशीन से निकलने वाली पर्ची पर भी ई.के.वाई.सी. के लिए 31 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन बावजूद इसके कार्ड धारक ई.के.वाई.सी. करवाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उन सभी पात्र कार्ड धारकों के लिए बेहद जरूरी है। जिन सदस्यों के नाम राशन कार्ड में दर्ज हैं। यदि कार्ड धारक इस मामले मे लापरवाही करेंगे तो उनका नाम राशन कार्ड से अपने आप निष्क्रिय होना तय है। ऐसे में जो भी कार्ड धारक का सदस्य ई.के.वाई.सी. से रह गया है। वह जल्द से जल्द अपने गांव के डिपो पर जाकर अपनी ई.के.वाई.सी. करवाएं।



चरणजीत भारद्वाज।




### भाविप ने मनाया होली परिवार मिलन समारोह

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद, कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा पारिवारिक सौहार्द और संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करने हेतु होली परिवार मिलन कार्यक्रम एवं वार्षिक चुनाव अत्यंत हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परिषद के सभी सदस्यों ने आपसी एकजुटता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का चयन किया। इसमें विजयंत बिंदल को अध्यक्ष, दिनेश सिंघल को सचिव, मनोज सेतिया को कोषाध्यक्ष एवं मानसी गर्ग को उपाध्यक्ष (महिला सहभागिता) के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु परिषद के प्रांतीय वित्त सचिव मनीष मालिक ने प्रांत पर्यवेक्षक के रूप में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। परिषद के मीडिया प्रभारी एवं प्रचार सचिव डॉ. संजय शर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में सदस्यगणों का उत्साह एवं सहभागिता सराहनीय रही। पूर्व अध्यक्ष पवन गुप्ता ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गत दो वर्षों में परिषद की गतिविधियों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जो आप सभी के विश्वास और सहयोग का परिणाम है।

## कार्यक्रम | मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आगामी चैत्र नवरात्रों को लेकर हुई बैठक

# प्रथम नवरात्र पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद में मिलेगा मां का विशेष सचित्र स्वर्णिम खजाना

महापूजा का महापर्व आनन्द महोत्सव 29 से प्रारंभ और 13 अप्रैल को समापन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरूक्षेत्र में आगामी चैत्र नवरात्रों की तैयारियों को लेकर सेवक मंडल के सदस्यों की विशेष मीटिंग की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व आनन्द महोत्सव 29 मार्च से प्रारंभ होगा और 13 अप्रैल को समापन होगा। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि 29 मार्च, शनिवार प्रातः 6 बजे मंगला आरती होगी, 29 मार्च को ही प्रातः 8:00 बजे कलश पूजन व प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण होगा, दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली जी की भव्य शोभायात्रा माँ की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी और सांय 6 बजे नगर परिक्रमा करके महाआरती के साथ ज्योति प्रतिस्थापना होगी। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि भजन संध्या 30 मार्च, रविवार, प्रथम नवरात्र से 4 अप्रैल (सप्तमी) शुक्रवार तक प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे होगी। महाआरती प्रतिदिन सांय 7 बजे 505 ज्योतों से होगी। मंगला आरती प्रतिदिन प्रातः 6 बजे होगी , जिसका लाइव प्रसारण फेसबुक पर होगा । 30 मार्च, रविवार , प्रथम नवरात्र को माँ के सभी भक्तों को प्रसाद में माँ का विशेष सचित्र स्वर्णिम खजाना प्रातः 7 बजे से रात्रि 7 बजे तक मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी द्वारा मिलेगा। पीठाध्यक्ष ने बताया कि यह सिद्ध खजाना सभी भक्तों के घर परिवार में धन वैभव की वृद्धि करेगा। प्रथम नवरात्र, 30 मार्च , रविवार को ही हिन्दू नववर्ष व विक्रमी सम्वत 2082 का स्वागत उत्सव हर वर्ष की भांति इस बार भी आतिशबाजी उत्सव विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा फायर वर्क्स स्टाइल से माँ भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे मंदिर शिखर पर रात्रि 8 बजे होगा। 4 अप्रैल, शुक्रवार, महासप्तमी को प्रातः 10:00 बजे मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ होगा।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व सेवादार।

### 5 अप्रैल को होगा श्रीदुर्गाष्टमी जागरण

*5 अप्रैल, शनिवार को श्री दुर्गाष्टमी जागरण होगा, जिसमें भगवान श्री राम जी के सुप्रसिद्ध भजन /"मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे/" की विश्वविख्यात गायिका /"स्वाति मिश्रा मुंबई/", साथ ही भाव भक्ति के सुरीले रत्न व सूफियाना म्यूजिक को समर्पित राकेश राणा सहारनपुर माँ भद्रकाली जी का गुणगान, सारी रात करेंगे। राजू प्रिंस दिल्ली अपनी मनोरम झांकियों की प्रस्तुति देंगे। अन्नपूर्णा भंडारा प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे व दोपहर 12 बजे और व्रत भंडारा दोपहर 12 बजे होगा। शनिवार के दिन भंडारे का आयोजन सारा दिन होगा। छप्पन भोग का प्रसाद 29 मार्च शनिवार और श्री दुर्गाष्टमी पर लगाया जाएगा। मंदिर में हर बार की भांति मनमोहक भव्य पुष्प श्रृंगार होगा। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री देवीकूप पर संकल्प लिया और माँ की सेवा, श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य माँ से आशीर्वाद स्वरूप मांगा । इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एम के मोदगिल, स्नेहिल शर्मा , देवेंद्र गर्ग , संजीव मित्तल, ऋषि पाल तोमर, आशीष दीक्षित, विजय पुजारा, बलवान, राजकुमार, जीवन मौदगिल, हाकम चौधरी, सुनील झांगड़ा, सागर इत्यादि टीम शक्तिपीठ के सदस्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### डिपो होल्डरों को छह माह से नहीं मिला कमीशन

**बराड़ा।** राशन डिपो होल्डरों को पिछले छह महीने से कमीशन नहीं मिला है जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। खंड राशन डिपो होल्डर यूनियन के प्रधान भूपेंद्र राणा ने बताया कि उन्हें सितंबर 2024 के बाद से अब तक राशन बांटने का कमीशन नहीं मिला है।राणा ने बताया कि उन्हें आशा थी कि सरकार दिवाली पर उनकी बकाया पेमेंट देगी लेकिन उनकी दिवाली तो बिना कमीशन के ही निकल गई और अब होली भी ऐसे ही गुजरने की आशंका है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उनका भुगतान करने की मांग की है, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें।

### पौधरोपण कर मनाया सांसद नवीन जिंदल का

**लाडवा।** युवा समाजसेवी वैभव अग्रवाल ने रविवार को गांव खेड़ी दाबदलान में किसानों व मजदूरों के साथ मिलकर भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने लड्डू बांटकर कर जन्मदिन मनाया तथा नवीन जिंदल की लंबी आयु की कामना की गई। इस अवसर पर वैभव अग्रवाल ने अपने प्रतिष्ठान पर न केवल पौधा रोपण किया, बल्कि 101 पौधे वितरित कर किसानों व मजदूरों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया। पौधा रोपण करने वालों में वैभव अग्रवाल, जगमोहन अग्रवाल, अंकुश गोयल, सुभाष बंसल, अनिल गोयल, सौरभ अग्रवाल, कर्मबीर मुरादनगर, जसपाल मेहरा, सन्नी सिंगल, कृषव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### गायों को चारा खिलाकर मना जिंदल का जन्मदिन

**लाडवा।** भाजपा के मंडल प्रधान शिव गुप्ता, गूढ़ा के मंडल प्रधान नरेंद्र सिंह ने अपने साथियों सहित लाडवा की श्रीकृष्ण गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाकर भाजपा सांसद नवीन जिंदल का जन्मदिन मनाया व उनकी लंबी आयु की कामना की। शिव गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच अपने लोकसभा क्षेत्र को नशा मुक्त क्षेत्र बनाने के साथ स्वस्थ क्षेत्र बनाने की है। इसलिए सांसद नवीन जिंदल निरंतर प्रयासरत भी है। जिंदल फाउंडेशन की तरफ से पूरे लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल वैन चलाई हुई है। यह मेडिकल वैन अपने-अपने हलके के क्षेत्रों के गांवों में जोकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है।

### डॉ धीरज कौशिक ने शोध पत्र किया प्रस्तुत

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय इतिहास संकलन समिति हरियाणा के सचिव एवं भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के आचार्य डॉ धीरज कौशिक ने अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के दो दिवसीय नवम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी, जनार्दन राय विश्वविद्यालय उदयपुर में हरियाणा भारतीय संस्कृति की जन्मस्थली एवं हरियाणा इतिहास की उपेक्षा पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने शोध पत्र में कहा कि हरियाणा प्रदेश का भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। किसी भी प्रदेश की महानता उसके भौगोलिक आकार पर नहीं अपितु इस बात पर निर्भर करती है कि उस प्रदेश का राष्ट्रीय जीवन में कितना योगदान है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विकास में इस प्रदेश ने अमूल्य योगदान दिया है।

## चार महीने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे कर्मचारी

# 1792 कर्मियों पर रोजी रोटी का संकट, न प्रमोशन मिली न वेतन

सहकारिता मंत्री को ज्ञापन देकर मामले में हस्तक्षेप करने का किया आग्रह, मंत्री बोले समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। सहकारिता मंत्री को ज्ञापन देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ संबंधित वीटा मिल्क प्लांट के 1792 संविदा कर्मचारी बेहद परेशान हैं। सालों की नौकरी के बाद भी न तो इन कर्मचारियों को प्रमोशन मिल रही है। न ही समय पर वेतन। पिछले चार महीने से ये कर्मचारी वेतन को तरस रहे हैं। कर्मचारियों की ओर से एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर बीते रोज सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इन कर्मचारियों ने मंत्री से प्रमोशन के साथ लंबित वेतन देने व विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने का आग्रह किया है।

### छह जिलों के कर्मचारी

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ से संबंधित वीटा मिल्क प्लांट में इस समय छह जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, जींद, रोहतक व बल्लभगढ़ में 1792 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी पांच से 20 सालों से वीटा मिल्क प्लांट में स्थायी रुप से काम कर रहे हैं। वीटा मिल्क प्लांट यूनियन के प्रधान भूपेंद्र सिंह, सुशील कुमार, गुलाब सिंह, रवि कुमार, सोहन लाल, जितेंद्र सिंह का आरोप है कि सालों की नौकरी के बावजूद उन्हें प्रमोशन नहीं मिला जबकि हरियाणा डेयरी डिवेलपमेंट कोऑप्रेटिव फेडरेशन मुख्यालय में एक कर्मचारी युवराज 2022 में ठेकेदार के जरिए चपड़ासी पद पर लगा था। 4 नवंबर 2022 को इस कर्मचारी को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में सेवादार के तृतीय श्रेणी में केयर टेकर के पद पर तैनात कर दिया गया। जबकि सालों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को अभी तक पदौन्नति नहीं मिली। कर्मचारियों का आरोप है कि साजिश के तहत उनके साथ प्रमोशन में भेदभाव किया जा रहा है जबकि युवराज को एक साल के भीतर ही प्रमोशन देकर केयर टेकर बना दिया गया। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि युवराज को निरंतर वेतन दिया जा रहा है जबकि उन्हें चार महीने से वेतन के लिए ठोकरें खानी पड़ रही हैं। वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा है। वे अपने परिवार की रोजी रोटी चलाने में असमर्थ हैं। बच्चों के स्कूलों की फीस तक कोई कर्मचारी अदा नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी हरियाणा कांट्रेक्चुअल कर्मचारी सिक्योरिटी सर्विस एक्ट का लाभ नहीं दिया जा रहा। इसको लेकर हरियाणा डेयरी डिवेलपमेंट की ओर से कोई भी ऑर्डर जारी नहीं किया गया। सभी कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा से उन्हें जल्द से जल्द से हरियाणा कांट्रेक्चुअल कर्मचारी सिक्योरिटी सर्विस एक्ट का लाभ दिए जाने की अनुरोध किया है।

### यह भी लगाया आरोप

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया है कि एमडी रोहित यादव के आदेशों की डीडीओ दिनेश महाजन ऑफिस एडमिन शारदा मल्होत्रा पालना नहीं करती। शिकायत के बावजूद इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी वजह से वीटा मिल्क प्लांट के सभी कर्मचारी बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि रिटायरमेंट के बाद हेड ऑफिस में स्टाफ तैनात किया गया है। इन अधिकारियों को कर्मचारियों की बजाय केवल अपने पेट से मतलब है। फिलहाल सहकारिता मंत्री ने सभी कर्मचारियों को उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दो बहनों को सीएम ने किया सम्मानित

- सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। सीएम से सम्मानित होने वाली की दोनों बहनें। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा पंचकूला के रेड बिशप ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्बे की रहने वाली एसएमएस स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा तनु सभरवाल और पीएससी जैन स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा हिमानी सभरवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित किया गया।यह सम्मान सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें समाज सेवा के कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। बता दे कि तनु और हिमानी सभरवाल पिछले लगभग 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे स्वच्छता अभियान, यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे कई अभियानों का नेतृत्व कर चुकी हैं।

विशेष रूप से, उन्होंने समाज में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल की हैं, जिनमें स्वच्छता रैलियों का आयोजन, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाना और लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाने के लिए प्रचार-प्रसार करना शामिल है।स्थानीय लोगों ने भी तनु और हिमानी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये दोनों बहनें युवा समाज के लिए एक मिसाल है।

# अपना हर एक पल ध्यान में लगाएं

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में ध्यान साधना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। सत्संग में प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में अति विशिष्ट कार्यक्रम ध्यान साधना शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी मोहन पुरी भाई की प्रार्थना द्वारा किया गया। इसमें भक्त ने अपने जीवन का हर एक पल ध्यान में लगाने की प्रार्थना की। इसके बाद मंच पर उपस्थित संत समाज द्वारा गुरुदेव के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए तिलक एवं मौली द्वारा गुरुदेव का पावन वंदन किया गया। इस भावपूर्ण संबंध को उजागर करते हुए सर्वश्री आशुतोष महाराज के परम शिष्य स्वामी मोहन पुरी भाई ने बताया कि एक शिष्य के जीवन में साधना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जब इस घोर कलयुग एक व्यक्ति का मन संसार की मलीनता मे फंस कर रसहीन हो जाता हैं तो भक्त अपनी हृदय भूमि को पुनः गुरू प्रेम में सींचने के लिए एक निष्ट हो कर अपनी साधना को गुरुदेव पर लक्षित करता है। साध्वी बहन सुश्री हेमसूदा भारती ने बताया कि जैसे पौधे की जड़ को जितना अच्छे से सींचा जाता हैं उतना ही पौधा फलवित होता हैं। साधकों ने पूर्ण सतगुरू द्वारा प्रदत ब्रह्मज्ञान की भक्त जीवन में प्रकाशित करने के लिए प्राण वायु साधना को बलवित करने का संकल्प लिया।

# हर्षोल्लास से मनाया होली पर्व

- जीएमएन कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व मनाते छात्र व शिक्षक।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। इस रंगों के त्योहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। कॉलेज परिसर में आयोजित इस होली उत्सव में सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेलकर इस पावन पर्व को और भी यादगार बना दिया। इस दौरान सभी ने मिलकर पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को रंग लगाया और मिठाइयां वितरित कीं। रंगों के इस उत्सव में चारों ओर खुशियों का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा विशेष रूप से कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कई मजेदार खेल आयोजित किए गए जिससे माहौल और भी उमंग से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्टाफ एवं नॉन स्टाफ एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और होली के रंगों में सराबोर होकर इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन. सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी बोले रिटायरमेंट के बाद मिल रही है नाममात्र की पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के बैनर तले पेंशन बहाली संघर्ष समिति की अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर जिला कार्यकारिणी ने सांसद वरुण मुलाना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

समिति के राज्य कार्यकारणी सदस्य सुजीत यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 और प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी 2006 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बंद करके नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू की। इसके तहत कर्मचारी के वेतन में से 10 फीसदी और सरकारी खजाने से वेतन का 14 फीसदी हिस्सा शेयर बाजार के माध्यम से पूंजीपतियों के हवाले कर दिया जाता है।

इससे कर्मचारी की जेब के साथ-साथ सरकारी कोष भी जोखिम के अधीन चला जाता है और कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद नाम मात्र की पेंशन मिलती है, जिसके कारण उसके परिवार की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

### सांसद का आश्वासन

इस मौके पर अंबाला जिला के प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से लगातार पुरानी पेंशन के अधिकार को लेकर आंदोलनरत है। जिला महासचिव सुदेश कुमार, सुभाष जांगडा (जिला प्रधान, पंचकूला) और शशि भूषण (जिला प्रधान, यमुनानगर) ने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में केंद्र सरकार सभी कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस में से एक विकल्प चुनने के लिए बाध्य करने जा रही है। केंद्र से अपील की जाती है कि इस विषय पर पुनर्विचार करते हुए कर्मचारियों को एनपीएस या यूपीएस के लिए बाध्य करने की बजाय पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। सांसद वरुण मुलाना ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वे पहले भी कर्मचारियों की पेंशन के मुद्दे पर संजीदा रहे हैं। संसद सत्र में कर्मचारियों की इस जायज मांग को सामने रखेंगे।

# छात्रों ने मतदान के लिए किया जागरुक

- डीएवी कॉलेज की ओर से कांवला में आयोजित किया जा रहा है एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। एनएसएस शिविर के दौरान हिस्सेदारी करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) कीओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव कांवला में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन विद्यार्थियों ने योग से दिन की शुरुआत की। डॉक्टर प्रियंका चौधरी ने कई तरह के योगासन सिखाएं। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को जिला में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा क्रियान्वित एवं कार्यक्रम जैसे सामाजिक गतिविधियां रक्तदान, कृत्रिम अंग निर्माण, सहायक उपकरण वितरण, वृद्ध आश्रम, बेघर आश्रम, जागरूकता कार्यक्रम बारे अवगत करवाया। बताया कि आप रेडक्रॉस के साथ जुडक़र मानव कल्याण के कार्य कर सकते हैं। प्राथमिक सहायता से लेकर दुर्घटना के समय सावधानी पूर्वक मौके पर प्राथमिक सहायता प्रदान कर आप किसी व्यक्ति की अस्पताल जाने से बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। राकेश मक्कड़ ने दूसरे चरण में क्लिपिंग थैरेपी से हेल्थ बेनिफिट बताएं। विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस से संबंधित जानकारी दी। कैचिंग पॉवर एवं एफ्ट्रूस जैसी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व सेल्फ एनालिसिस से किसी भी कार्य को पूर्ण सफल बनाने के महत्व को बताया। कंप्यूटर की दुनिया से रूबरू करवाया। एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉक्टर प्रियंका चौधरी एवं प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा ने बताया कि विद्यार्थियों ने माता रानी चौक पर नुक्कड़ नाटक कर मतदान अधिकार जागरूकता अभियान चलाया। विद्यार्थी इस कैंप में बहुत सारे विषयों पर ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छोड़ रहीं छाप

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया
- कार्यक्रम के अन्त में ब्रहमाभोजन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। गांव डेरा में महिला दिवस पर प्रवचन देती ब्रहमकुमारी।

उपमंडल के गांव डेरा में रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा द्वारा मूर्ति माता के घर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रीति बहन ने किया । इस अवसर पर तरुण बहन ने महिलाओं को सशक्त बनाने व उनमें आत्म विश्वास जगाने के लिए प्रेरित किया । अपने संबोधन में उन्होंने परमातम ज्ञान के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को आत्मा और परमात्मा का ज्ञान समझते हुए कहा कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं और उस परमपिता परमात्मा की संतान हैं। हम किसी से कम नहीं हैं निर्बल नहीं हैं हम सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने आपको जानना चाहिए और हमेशा अच्छे कार्य करने चाहिए ताकि हम स्वउन्नति के साथ साथ समाज और देश को भी आगे बढ़ा सकें ।

# ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के लिए अब किसान 20 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- उपायुक्त बोले-फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट ई क्षति पोर्टल पर करनी होगी अपलोड
- किसान को केवल नुकसान का कारण व नुकसान का प्रतिशत भरना है : अजय सिंह तोमर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राज्य सरकार के फसलें के अनुसार जिला में 28 फरवरी व एक मार्च को हुई भारी बरसात व ओलावृष्टि से जिन किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है, ऐसे प्रभावित किसान फसल नुकसान की रिपोर्ट ई-क्षति पोर्टल पर 20 मार्च तक अपलोड कर सकते हैं, ताकि फसलों में हुए नुकसान का आंकलन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत 20 फरवरी को जिला में हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण जिन किसानों की रबी 2025 की फसल को नुकसान हुआ है। जिला के उन किसानों के लिए उपायुक्त की सिफारिश पर सरकार द्वारा पहले यह ई-क्षति पोर्टल पहले 10 मार्च के लिए खोला गया था लेकिन गत 28 फरवरी व एक मार्च को भी भारी बरसात व ओलावृष्टि होने की रिपोर्ट मिली थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्देशानुसार पोर्टल को आगामी 20 मार्च तक खोला गया है। प्रभावित किसान अब अपनी रबी फसल के नुकसान की रिपोर्ट 20 मार्च तक दर्ज करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायत, नुकसान का अनुमान फोटो सहित पूरा विवरण तुरंत दर्ज करें। पोर्टल पर शिकायत मिलने के बाद ही संबंधित पटवारी व कानूनगो खेत में जाकर उसका भौतिक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि नुकसान की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए किसान को मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसान अनुभाग में जाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करना अनिवार्य है। किसान द्वारा भरे गए सभी खेत का विवरण फसल सहित अपने आप खुल जाएगा। किसान को केवल नुकसान का कारण व नुकसान का प्रतिशत भरना है।

## दो दिवसीय अंतर-कॉलेज खेल टूर्नामेंट 2025 का समापन

# एमएमआईसीटी एंड बीएम की टीम ने जीता स्वर्ण

- एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस मैनेजमेंट की ओर से आयोजित प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा




बराड़ा। विजेताओ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एमसीए विभाग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर-कॉलेज खेल टूर्नामेंट 2025 का शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और संस्थानों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट विश्वविद्यालय के चांसलर तरसेम गर्ग, वाईस प्रेसिडेंट डॉ. विशाल गर्ग, वाईस चांसलर डॉ. हरीश शर्मा और रजिस्ट्रार डॉ. सुमित मित्तल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कबड्डी (पुरुष वर्ग) और बैडमिंटन (महिला वर्ग) सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एमएमआईसीटी एंड बीएम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग की टीम को रजत पदक मिला। महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगभग 27 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की टीम ने स्वर्ण पदक और एमसीए की टीम को रजत पदक मिला।

### समापन समारोह के दौरान यह रहे मौजूद

समापन समारोह के दौरान एमएम विश्वविद्यालय के कुलपति तरसेम गर्ग ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों में नेतृत्व और प्रबंधन कौशल का भी विकास करते हैं। इस आयोजन में विभाग से पूनम शर्मा, शिवांश मित्तल, तेजबीर, डॉ. रुबिका, कंचन, एमएम विश्वविद्यालय के खेल कोच गुरदयाल और आशीष के साथ-साथ अन्य विभागों के प्राचार्य और छात्र मौजूद रहे।